# समाचार वाणी

ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026


## Mark Zuckerberg के बाद Fiverr के CEO का बड़ा खुलासा, बताया AI छीनने वाला है इन लोगों की नौकरियां।


Publisher


Published on 10 May 2025





### Fiverr के CEO माइका कॉफ़मैन ने अपनी टीम को एक सख्त और स्पष्ट संदेश देते हुए कहा है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेसं (AI) अब सिर्फ भविष्य की बात नहीं रही, यह पहले ही वर्कप्लेस को तेजी से बदल रहा है.

Fiverr के CEO माइका कॉफ़मैन ने अपनी टीम को एक सख्त और स्पष्ट संदेश देते हुए कहा है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) अब सिर्फ भविष्य की बात नहीं रही, यह पहले ही वर्कप्लेस को तेजी से बदल रहा है. इंडिया टुडे की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने यह बात एक इंटरनल ईमेल में कही जो बाद में सोशल मीडिया पर वायरल हो गई.

ईमेल में कॉफ़मैन ने किया ये खुलासा
जानकारी के मुताबिक, इस ईमेल में कॉफ़मैन ने कर्मचारियों को साफ-साफ कहा, “AI आपकी जॉब्स के पीछे है और मेरी भी!” उन्होंने बताया कि कई प्रोफेशनल फील्ड्स जल्द ही ऑटोमेशन की चपेट में आ सकती हैं जिनमें प्रोग्रामर, डिज़ाइनर, प्रोडक्ट मैनेजर, डेटा साइंटिस्ट, वकील, कस्टमर सपोर्ट, सेल्स और फाइनेंस से जुड़े प्रोफेशनल्स शामिल हैं.

कॉफ़मैन ने यह भी साफ किया कि ये खतरा सिर्फ Fiverr तक सीमित नहीं है बल्कि यह हर कंपनी और हर इंडस्ट्री को प्रभावित करेगा. उन्होंने बताया कि कई ऐसे काम जो पहले आसान माने जाते थे अब AI के ज़रिए खुद-ब-खुद हो रहे हैं.

AI से डरने की जरूरत नहीं

उन्होंने कर्मचारियों से अपील की कि वो डरने के बजाय इस टेक्नोलॉजी को अपनाएं और नई स्किल्स सीखने की तैयारी करें. उन्होंने कुछ AI टूल्स का भी ज़िक्र किया जिन्हें मास्टर करना जरूरी है जैसे Cursor (डेवेलपर्स के लिए), Intercom Fin (कस्टमर सर्विस के लिए) और Lexis+ AI (कानूनी पेशेवरों के लिए).

कॉफ़मैन ने यह भी कहा कि कर्मचारियों को चाहिए कि वे अपनी टीम में AI एक्सपर्ट्स की पहचान करें, प्रोडक्टिविटी की परिभाषा को फिर से समझें और लार्ज लैंग्वेज मॉडल्स (LLMs) के साथ काम करने में दक्षता हासिल करें. उन्होंने यह तक कहा कि यदि आप प्रॉम्प्ट इंजीनियरिंग में माहिर नहीं हैं तो आपके लिए पारंपरिक सर्च इंजन जैसे Google भी कम उपयोगी साबित हो सकते हैं.

उनका कहना है कि कंपनियों को नए लोगों को हायर करने से पहले यह सोचना चाहिए कि कैसे AI की मदद से मौजूदा टीम की क्षमता को और बेहतर बनाया जा सकता है. उनका मानना है कि आज के समय में AI का इस्तेमाल कोई विकल्प नहीं बल्कि ज़रूरत बन चुकी है.

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.